फा.सं. ई-11017/1/2023-रा.भा. (ई-23938)

भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

राजभाषा अनुभाग

कृषि भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 23/01/2023

विषय: गृह पत्रिका 'सुरभि-2023' का प्रकाशन

माननीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव कुमार बालियान की अध्यक्षता में दिनांक 28 अक्तूबर 2022 को आयोजित संयुक्त हिंदी सलाहकार समिति की पहली बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि राजभाषा हिंदी को प्रोत्साहित करने के लिए इस विभाग द्वारा एक वार्षिक हिंदी पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ किया जाए। इसी निर्णय को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2023-24 से 'सुरभि' नामक पत्रिका का प्रकाशन आरम्भ किया जा रहा है। पत्रिका का उद्देश्य कर्मिकों में राजभाषा हिंदी के प्रति रूचि जागृत करना है।

पत्रिका में मुख्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा स्वरचित रचनाएं प्रकाशित की जाएंगी। इस मुख्यालय से संबंधित विशिष्ट क्रियाकलापों, उपलब्धियों एवं उनके कार्य से जुड़ी जानकारी देने वाली रचनाओं का स्वागत है। इसके अतिरिक्त इसमें किसी भी ज्वलंत समस्या पर निबंध, हास्य व्यंग्य, कहानी, कविता, नाटक, संस्मरण, यात्रा वृतांत एवं सामयिक विषयों पर रोचक व ज्ञानवर्धक लेख आदि भी आमंत्रित हैं।

अपनी रचना/लेख भेजते समय निम्नलिखित बिंदुओं का ध्यान रखें:-

1. रचना पहले से किसी अन्य पत्रिका में प्रकाशित न हो।
2. किसी भी रचना/लेख में सरकारी नीतियों/योजनाओं की आलोचना न हो।
3. उसमें किसी प्रकार की साम्प्रदायिक वैमनस्य बढ़ाने वाली बातें न हों।
4. उसमें व्यक्तिगत अथवा किसी अन्य प्रकार का आक्षेप न हो।
5. रचनाकार इस आशय का प्रमाण-पत्र भी संलग्न करें कि यह उनकी मौलिक रचना है तथा कापीराइट के किसी नियम का उल्लंघन नहीं करती है।

उल्लेखनीय है कि प्राप्त रचनाओं में से श्रेष्ठ रचनाओं का चयन संपादक मंडल द्वारा किया जाएगा। संपादक मंडल का निर्णय अंतिम निर्णय होगा। जिन रचनाओं को 'सुरभि' में प्रकाशित किया जाएगा उन लेखों के रचनाकारों को कार्यालय द्वारा हिंदी पखवाड़ा पुरस्कार वितरण समारोह - 2023 में 1000/- रु. का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यदि किसी रचनाकार की एक से अधिक रचना को पत्रिका में प्रकाशित किया जाता है तब भी एक ही पुरस्कार (केवल 1000/- रु.) दिया जाएगा।

प्रत्येक रचना के साथ रचनाकार अपना नाम, पदनाम, अनुभाग/कार्यालय का पूरा पता एवं कार्यालय का दूरभाष/मोबाइल नम्बर अवश्य दें। अपनी रचना के साथ पासपोर्ट साइज़ का एक रंगीन फोटो भी भेजें। कृपया साथ ही अस्वीकृत रचनाएं लौटाई नहीं जाएंगी। रचनाओं को AD-OL557@dahd.nic.in पर भी भेजा जा सकता है।

कागज के केवल एक ओर टाइप की हुई रचनाओं को डाक द्वारा/सीडी/मेल द्वारा फोटो सहित 16 फरवरी 2023 तक भिजवा दें।

सहायक निदेशक (राजभाषा)
कमरा नं. 557, एच 'विंग'
कृषि भवन, रफी मार्ग
नई दिल्ली – 110001

(स्वाति मेल्टी)
सहायक निदेशक (रा.भा.)

वितरण:-

1. विभाग के सभी अधिकारी/अनुभाग*
2. सभी अधीनस्थ कार्यालयों के प्रभारी*

* नोट: अनुरोध है कि कृपया इसे अपने अनुभाग/कार्यालय में परिचालित कर इसका प्रचार प्रसार करें।